हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 31 जनवरी 2026

04 स्वच्छ भारत अभियान पर सवाल: भैरुंदा में बाहरी...



07 एसडीएम और सीएमओ की खामोशी: कब्जाधारी...





## खबर संक्षेप

### राजस्व मंत्री करण सिंह का दौरा कार्यक्रम आज

**सीहोर।** राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा 31 जनवरी को दोपहर 12 बजे सीहोर तहसील के ग्राम उलझावन पहुंचेंगे और नवीन शासकीय हाई स्कूल के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके साथ ही वे उलझावन के ही शासकीय हाई स्कूल में आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर में भी शामिल होंगे। इसके पश्चात वे दोपहर 2 बजे आष्टा पहुंचेंगे और स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### कृषि आधारित उद्योग लगाने पर मिलेगी 50 प्रतिशत सब्सिडी

**सीहोर।** किसानों को कृषि आधारित उद्योग लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। कृषि उद्योग समागम मेला भी लगाए जा रहे हैं। कृषि आधारित उद्योग लगाने वाले किसानों को 50 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जाएगी। कृषि उद्योग से जुड़े रोजगार परक कारखाने बनायेंगे, जहां काम करने वाले को 5 हजार रुपये महिने भी दिये जायेंगे। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गाडरवारा में गौशाला निर्माण किए जाने और सुगम परिवहन सेवा भी उपलब्ध के अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि गरीब, युवा, किसान और महिला सशक्तिकरण की दिशा में तेजी से कार्य हो रहे हैं और इसका समाज में व्यापक असर भी दिख रहा है।

### 200 करोड़ रुपए का प्रोजेक्ट अपने अंतिम चरणों में, आकर्षक रंग-रूप में निखरी हुई दिखेगी सलकनपुर की पहाड़ी

# सलकनपुर: उड़ीसा में ढल रहीं माता रानी के नौ रूपों की प्रतिमाएं, 6 महीने में पूरा होगा 'देवीलोक'

बता दें देवीलोक के मुख्य आकर्षण का केंद्र माता के नौ स्वरूपों की वे प्रतिमाएं होंगी, जिन्हें उड़ीसा में विशेष पत्थरों से तैयार किया जा रहा है। उड़ीसा अपनी बारीक नक्काशी और प्राचीन मंदिर निर्माण कला के लिए दुनिया भर में जाना जाता है।


हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

उज्जैन के महाकाल लोक की भव्यता अब जिले के सलकनपुर धाम में भी दिखाई देगी। करीब 200 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे 'देवीलोक' का काम अब अपने अंतिम दौर में पहुंच गया है। इस पूरे प्रोजेक्ट की सबसे खास बात इसकी शिल्पकारी है। माता विजयासन के नौ स्वरूपों को जीवंत रूप देने के लिए उड़ीसा के शिल्पकारों की मदद ली जा रही है।


बता दें देवीलोक के मुख्य आकर्षण का केंद्र माता के नौ स्वरूपों की वे प्रतिमाएं होंगी, जिन्हें उड़ीसा में विशेष पत्थरों से तैयार किया जा रहा है। उड़ीसा अपनी बारीक नक्काशी और प्राचीन मंदिर निर्माण कला के लिए दुनिया भर में जाना जाता है। वहां के कुशल कलाकार रात-दिन एक कर माता के रूपों को गढ़ रहे हैं।

इन प्रतिमाओं की विशेषता यह होगी कि ये केवल मूर्तियां नहीं होंगी, बल्कि इनके साथ जुड़े म्यूरल (भित्ति चित्र) माता की कहानियों और देवी पुराण के श्लोकों को भी प्रदर्शित करेंगे। यानी श्रद्धालु माता के दर्शन के साथ उनकी गौरवगाथा को पढ़ और समझ भी सकेंगे।









#### राजस्थान के लाल पत्थरों से निर्माण

एक तरफ उड़ीसा में प्रतिमाएं बन रही हैं तो दूसरी तरफ सलकनपुर में निर्माण कार्य ने रफ्तार पकड़ ली है। राजस्थान के विशेष लाल पत्थरों से बना 'नवदुर्गा कॉरिडोर' और 'चौसठ योगिनी प्लाजा' लगभग तैयार है। वृत्ताकार में बने योगिनी प्लाजा में माता के विभिन्न आयामों को बेहद कलात्मक ढंग से उकेरा गया है। प्रशासन की मानें तो अगले 6 महीनों में प्रतिमाओं की स्थापना, बाउंड्रीवॉल और एप्रोच रोड का काम पूरा कर इसे जनता को समर्पित कर दिया जाएगा।

#### सलकनपुर में लगा माघ मेला

देवी धाम सलकनपुर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी माघ मेले का आगाज हो गया है। 19 जनवरी से शुरू हुआ यह मेला 6 फरवरी तक चलेगा। परंपरा के अनुसार नायक बाबा पर निशान चढ़ाकर और विशेष पूजा-अर्चना के साथ मेले का श्रीगणेश किया गया। मंदिर के मुख्य महंत प्रभुदयाल शर्मा, ट्रस्ट अध्यक्ष महेश उपाध्याय और रेहटी नगर परिषद अध्यक्ष राजेंद्र पटेल की मौजूदगी में विधि-विधान से पूजन संपन्न हुआ। इस मेले की सबसे बड़ी खासियत यहां लगने वाला विशाल पशु मेला है। प्रदेश भर के पशुपालक यहां अपनी उन्नत नस्ल की गायों और अन्य पशुओं के साथ पहुंचते हैं। मेले में व्यापार के साथ-साथ मनोरंजन के भी साधन है। बच्चों के लिए झूले, खिलौनों की दुकानें और खाने-पीने के स्टॉल्स श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। सुरक्षा के लिए पुलिस और स्वयंसेवकों की टीमें तैनात की गई हैं।

## हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में तेंदुए की आहट से रात भर मची रही अफरा-तफरी, पटाखों के शोर के साथ हुई सर्चिंग





**सीहोर।** जिला मुख्यालय की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी फेज.2 में गुरुवार की रात दहशत और अनिश्चितता के साये में गुजरी। सोशल मीडिया पर तेंदुए की तस्वीर और खबरें वायरल होने के बाद पूरी कॉलोनी के लोग रात भर जागे रहे। बताया जा रहा है कि रात करीब 9 बजे कॉलोनी के पीछे एक तेंदुए जैसा खूंखार जानवर देखा गया, जिसके बाद तत्काल वन विभाग और स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई।

जैसे ही तेंदुए की खबर फैली फेसबुक और स्थानीय व्हाट्सएप ग्रुप पर चेतावनी के संदेशों की बाढ़ आ गई। लोग एक जानवर की तस्वीर शेयर करते हुए दावा करने लगे कि यह हाउसिंग बोर्ड के पास ही देखा गया है। पोस्ट में यह भी बताया गया कि दो दिन पहले गल्ला मंडी सायलो के पास भी जानवरों के पगमार्क के निशान देखे गए थे। चूंकि इछावर और बुदनी क्षेत्र में पहले से ही जंगली जानवरों की आवाजाही की खबरें हैं, इसलिए नागरिकों में यह डर और भी गहरा गया है।

#### वन विभाग की टीम ने की सर्चिंग, कई स्थानों पर चलाए पटाखे

सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम हरकत में आई और स्थानीय नागरिकों के साथ मिलकर पूरी रात क्षेत्र में सर्चिंग ऑपरेशन चलाया। जानवर को आबादी से दूर खदेड़ने के लिए कई जगहों पर पटाखे भी चलाए गए। हालांकि अंधेरा होने के कारण किसी बड़े हिंसक जानवर की स्पष्ट पुष्टि नहीं हो पाई है। विभाग ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी को संदिग्ध पगमार्क दिखाई दें तो तुरंत उसकी फोटो खींचकर वन विभाग को सूचित करें।

#### दहशत का कारण, सियार के हमले की ताजा घटना

शहर में इस कदर खौफ होने की एक बड़ी वजह हाल ही में हुई सियार के हमले की घटना भी है। बीते दिन ही एक सियार ने नौ लोगों को घायल कर दिया था, जिससे लोग पहले से ही डरे हुए हैं। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में पिंजरा लगाया जाए और गश्त बढ़ाई जाए, ताकि किसी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

## हमारे शहर के दिव्यांग बच्चों में हैं कई प्रकार की प्रतिभाएं: विधायक राय



**सीहोर।** राज्य स्तरीय स्पर्श मेला से पुरस्कार जीतकर आए दिव्यांग बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए विधायक सुदेश राय ने कहा कि हमारे शहर के दिव्यांग बच्चे भी प्रतिभा के धनी हैं।

स्पर्श मेला में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का हृदय भी उन्होंने जीत लिया और अपने माता-पिता शहर व वसुंधरा विशेष विद्यालय का भी नाम रोशन कर दिया। दिव्यांग कु.नीतिका मालवीय ने नींबू दौड़ और कशफना मीर ने संगीत मे भाग लिया। दोनों छात्राओं ने राज्य स्तरीय स्पर्श मेला में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय "स्पर्श मेला के अंतर्गत भोपाल में प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पुरस्कार प्रदान किया । कार्यक्रम में वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन अध्यक्ष अर्जुन सिंह, सदस्य महक राय, संजू गौर सहित शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## नाबालिग नातिन के साथ छेड़खानी करने वाले कलयुगी दादा को सात साल की सजा



**सीहोर।** प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश स्मृता सिंह ठाकुर ने नाबालिक नातिन के साथ छेड़छाड़ करने वाले कलयुगी दादा को सात साल की सजा और अर्थदंड से दंडित किया है।

अभियोजन से मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता ने महिला थाना में रिपार्ट दर्ज कराई थी कि 8 जुलाई 2024 की रात जब वह घर में अकेली सो रही थी, और उसकी दादी नीचे वाले कमरे में अकेली सो रही थी, तभी उसके दादा आए और बुरी नियत से छेड़छाड़ करने लगे। पीड़िता ने जब आरोपी से आप मेरे कमरे क्यों आए हो तो कहने लगे कि बेटा मैं तो मुझे देखने आया हूं कि तू सोई की नहीं। पीड़िता के चिल्लाने पर दादा वहां से चले गए और कहने लगे कि यह बात किसी को मत बोलना वरना तुझे जान से खत्म कर दूंगा, और पीड़िता नीचे जाकर अपनी दादी को पूरी बात बताई और कहा कि अपन सुबह रिपोर्ट करने चलेगें। पुलिस अनुसंधान के बाद अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय ने अभियोजन के तर्कों व प्रस्तुत दस्तावेजी साक्ष्य से सहमत होते हुए आरोपी को दोषी पाते हुए सात साल का कठोर कारावास और 1500 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी सहायक जिला अभियोजन अधिकारी रेखा यादव ने पीड़िता को न्यायालय ने 50 हजार रुपए प्रतिकर दिये जाने का आदेश दिया है।

### सांस्कृतिक मंच ने किया कथा वाचकों को सम्मानित

**सीहोर।** नगर की धार्मिक सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों की सक्रीय और अग्रणी संस्था सीहोर सांस्कृतिक मंच द्वारा ग्राम बिजोरा में आयोजित श्री राम कथा में पंडित सुरेशानंद जी महाराज एवं बड़े बाजार स्थित अग्रवाल धर्मशाला में पंडित राघव मिश्रा के श्रीमुख से चल रही श्रीराम कथा एवं शिवमहापुराण में शामिल होकर कथावाचकों का पुष्प मालाओं, शॉल और श्रीफल एवं भगवान का चित्र भेंट कर भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रेमलता राठौर, सीमा सक्सेना, आशीष गुप्ता पूर्व अध्यक्ष हिंदू उत्सव समिति सीहोर, दीपक राठौड़, अजय सोनी, संजय सोनी, विशाल सोनी उपस्थित रहे कथावाचक द्वारा सदस्यों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।

## बापू का जीवन सत्य, अहिंसा, प्रेम सद्भाव और शांति का प्रतीक है: राजीव गुजराती

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



राष्ट्रपिता महात्मागांधी की 78 वी पुण्यतिथि पर सीहोर मुख्यालय के गांधी पार्क में कांग्रेसजनों ने गांधीजी की प्रतिमा के समक्ष श्रद्धासुमन अर्पित कर रघुपति राघव राजाराम गायन का वाचन कर उन्हें याद किया। इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने गांधी जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महात्मा गांधी जी ने समूचे विश्व को सत्य और अहिंसा का मार्ग दिखाने वाले अपने महान विचारों से प्रेरित किया।

उन्होंने केवल शब्दों से नहीं, बल्कि अपने आचरण से लोगों को प्रभावित कर बदलाव की नई राह दिखाई। उनके उच्च आदर्शों और नैतिक मूल्यों का संदेश सदैव हमें बेहतर और सशक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करता रहेगा। बापू का जीवन सत्य, अहिंसा, प्रेम सद्भाव और शांति का प्रतीक है। बापू को शत-शत नमन।

नेता प्रतिपक्ष विवेक राठौर ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनके विचार हमें न्याय, समानता और मानवता की राह पर चलने की प्रेरणा देते हैं। आइए, उनके आदर्शों को अपनाकर एक सशक्त, शांतिपूर्ण और समावेशी समाज का निर्माण करें। शहर कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम यादव ने कहा कि गांधीजी को गोली मारने वाला सिर्फ एक व्यक्ति नहीं था, गोली एक विचारधारा की थी—जो नफ़रत को राष्ट्रवाद कहती है।

आज पुण्यतिथि पर संकल्प लें- भारत गांधी का रहेगा, गोडसे की सोच का नहीं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को शत-शत नमन। साथ ही उपस्थित सभी कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने गांधी जी की प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई और उपस्थित कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी अमर रहे, जब तक सूरज चांद रहेगा गांधी आपका नाम रहेगा के गगन भेदी नारे लगा कर उनको याद किया।

इसमें उपस्थितजनों में प्रमुख रूप से ओम वर्मा, नईम नवाब, प्रीतम दयाल चौरसिया, राजेन्द्र वर्मा, ओम राठौर, सीताराम भारती, रमेश गुप्ता सुनील दुबे, दौलत यादव, डॉ.अनीस खान, राजेश भूरा यादव, अफीज चौधरी, रामप्रकाश चौधरी, मुनव्वर मामू, अरूण राय, योगेन्द्र राय, राकेश वर्मा, मजीद अंसारी, इरफान लाला, घनश्याम मीणा, तारा यादव, के.के.रिछारिया, भगतसिंह तोमर, कमलेश चाण्डक, आशीष रोहिला, सुख सिंह, अजय रैकवार, विनीत गोयल आदि कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### सीहोर-शाजापुर में ओलावृष्टि और आंधी का कहर, अन्नदाता हुए परेशान

# संकट में किसान: आलोवृष्टी से गेहूं की बालियां टूटकर गिरीं, हवा से खेतों में बिछ गई फसल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्यप्रदेश के सीहोर और शाजापुर जिलों में अचानक बदले मौसम ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। तेज आंधी, मूसलाधार बारिश और भयंकर ओलावृष्टि ने इन क्षेत्रों में गेहूं की फसल को भारी नुकसान पहुंचाया है। कहीं तेज हवा के कारण गेहूं की फसल खेतों में आड़ी पड़ गई तो कहीं ओलावृष्टि से बालियां टूटकर जमीन पर बिखर गईं। इस प्राकृतिक आपदा से किसान गहरे संकट में आ गए हैं।

सीहोर क्षेत्र के किसान एवं समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा ने इस गंभीर स्थिति को देखते हुए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल सर्वे कराए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सीहोर जिले के साथ-साथ कालापीपल क्षेत्र, शुजालपुर, शाजापुर जिले के कई गांवों में गेहूं की फसल पूरी तरह या आंशिक रूप से नष्ट हो चुकी है। ऐसे में आरबीसी 64 के अंतर्गत राहत राशि और फसल बीमा का लाभ किसानों को शीघ्र दिया जाना चाहिए।



एम.एस. मेवाड़ा ने बताया कि इससे पहले भी प्राकृतिक आपदा के कारण किसानों की सोयाबीन की फसल बर्बाद हुई थी, लेकिन आज तक न तो पूरा मुआवजा मिला और ना ही बीमा राशि। किसानों को मात्र पाँच हजार रूपये प्रति किसान की सहायता दी गई, जो नुकसान की तुलना में ऊंट के मुंह में जीरा साबित हुई। जबकि किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किसानों से नियमित रूप से बीमा प्रीमियम काटा जाता है, उसकी राशि भी किसानों को नहीं मिल पाई। सीहोर जिले के ग्राम पीलूखेड़ी के किसान हनुमत सिंह मेवाड़ा की हालत इस आपदा की भयावहता को बयां करती है। उनके पास 8 एकड़ भूमि है, जिसमें पूरी तरह गेहूं की फसल लगी थी। ओलावृष्टि और तेज हवा से पूरी फसल बर्बाद हो गई। खेत में गिरी फसल को देखकर हनुमत सिंह फूट-फूट कर रो पड़े। उन्होंने बताया कि उनके ऊपर करीब 3 लाख रुपये का बैंक कर्ज है और अब परिवार के भरण-पोषण की चिंता सता रही है।

ग्राम पीलूखेड़ी, पीपलनेर, आष्टा के ग्वाली, गुराडिया वर्मा, कालापीपल क्षेत्र के ग्राम चांदनी, हनुमतखेड़ा, झंडी सहित कई गांवों में किसानों को भारी नुकसान हुआ है। किसानों और समाजसेवियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि प्रभावित सभी गांवों का तत्काल सर्वे कराकर राहत राशि और बीमा भुगतान सुनिश्चित किया जाए, ताकि संकट की इस घड़ी में किसानों को कुछ सहारा मिल सके।

खबर संक्षेप



## वीर सपूतों को किया गया नमन

**सीहोर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बलिदान दिवस के अवसर पर जिलेभर में शहीद दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिला मुख्यालय सहित जिले के सभी शासकीय कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, जिला चिकित्सालय एवं सार्वजनिक स्थलों पर प्रातः 11 बजे शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई और दो मिनट का मौन रखकर उनके बलिदान का स्मरण किया गया। इस दौरान सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों और नागरिकों ने देश की स्वतंत्रता और अखंडता के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वीर सपूतों को नमन किया। इस अवसर पर को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई गई।

## नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बलिदान दिवस को प्रदेश के साथ ही जिले में मद्य निषेध संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर सीहोर में नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता लाने के लिए सामाजिक न्याय विभाग द्वारा नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली गई। जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और रैली में विद्यार्थियों के साथ चलकर नागरिकों को नशामुक्ति का संदेश दिया। सीहोर के साथ ही जिलेभर में भी अनेक स्थानों पर नशा मुक्ति जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। यह रैली शासकीय आवासीय खेलकूद संस्थान से प्रारंभ हुई और पीएम एक्सीलेंस कॉलेज में रैली का समापन हुआ। कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों, युवाओं और नागरिकों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई और एक स्वस्थ्य और सशक्त राष्ट्र के निर्माण के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा विशाल मानव श्रृंखला एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशामुक्ति का संदेश दिया गया।

### निजी फाइनेंस कंपनियों का जाल भी फेल, जिम्मेदारों को नहीं जानकारी

# स्वच्छ भारत अभियान पर सवालः भैरुंदा में बाहरी लोगों के डेरों से बढ़ी गंदगी, प्रशासन बेखबर

अस्थायी झोपड़ियों और तंबुओं की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ रही है, लेकिन नगर परिषद और पुलिस प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इससे न केवल नगर की छवि धूमिल हो रही है, बल्कि स्वच्छ भारत अभियान की जमीनी हकीकत भी सामने आ रही है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा





केंद्र सरकार द्वारा स्वच्छता को लेकर चलाए जा रहे स्वच्छ भारत अभियान के दावों पर भैरुंदा नगर के हालात गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं। नगर के कई हिस्सों में बाहरी लोगों का जमावड़ा लगातार बढ़ रहा है। ये लोग खाली पड़ी सरकारी व निजी जमीनों पर अस्थायी झोपड़ियां और तंबू लगाकर रह रहे हैं, लेकिन इनके ठहरने, पहचान और संख्या को लेकर न तो नगर परिषद के पास कोई स्पष्ट जानकारी है और न ही पुलिस प्रशासन के पास कोई रिकॉर्ड।

सबसे चिंताजनक स्थिति यह है कि इन डेरों के आसपास स्वच्छता की कोई व्यवस्था नहीं है। नगर के रहवासी इलाकों, झाड़ियों और नहर किनारे खुले में शौच किए जाने से गंदगी फैल रही है। नहर के पानी का उपयोग नहाने के साथ-साथ खुले में शौच के लिए भी किया जा रहा है, जिससे बदबू और संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकलने वाले नागरिकों और आसपास रहने वाले परिवारों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि राजस्व विभाग के भवन के आसपास, नहर किनारे और अन्य खाली पड़ी जमीनों पर लंबे समय से बाहरी लोग डेरा डाले हुए हैं। अस्थायी झोपड़ियों और तंबुओं की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ रही है, लेकिन नगर परिषद और पुलिस प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इससे न केवल नगर की छवि धूमिल हो रही है, बल्कि स्वच्छ भारत अभियान की जमीनी हकीकत भी सामने आ रही है।

### पुलिस प्रशासन को नहीं जानकारी

सबसे गंभीर पहलू यह है कि इतनी बड़ी संख्या में बाहरी लोगों के आने-जाने की जानकारी भैरुंदा पुलिस के पास नहीं है। न तो इनका कोई सत्यापन किया गया है और न ही यह पता है कि ये लोग कहां से आए हैं और किस उद्देश्य से यहां रह रहे हैं। स्थानीय नागरिकों में इस बात को लेकर डर है कि यदि भविष्य में कोई अप्रिय घटना या दुर्घटना होती है, तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा।

### निजी फाइनेंस कंपनियों का जाल

इधर नगर में निजी फाइनेंस कंपनियों का जाल भी तेजी से फैलता जा रहा है। इन कंपनियों के कर्मचारियों की संख्या, उनकी पहचान और वे स्थानीय हैं या बाहरी-इस पर भी प्रशासन के पास कोई ठोस जानकारी नहीं है। आरोप है कि ये कंपनियां लोगों को आसान लोन का लालच देकर अपने जाल में फंसाती हैं और बाद में भारी ब्याज वसूलती हैं। कई मामलों में फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी सुबह-सुबह ही ग्राहकों के घर पहुंचकर बैठ जाते हैं और ईएमआई की वसूली करते हैं। समय पर भुगतान न होने पर वाहन या अन्य घरेलू सामान गिरवी रखने का दबाव बनाया जाता है। इससे भोले-भाले लोग आर्थिक ही नहीं, बल्कि मानसिक रूप से भी परेशान हो रहे हैं।

### प्रशासन से कार्रवाई की मांग

नगरवासियों ने पुलिस प्रशासन, नगर परिषद और जिला प्रशासन से मांग की है कि बाहरी लोगों का तत्काल सत्यापन कराया जाए, खुले में शौच पर सख्ती से रोक लगे और स्वच्छता के लिए ठोस व स्थायी व्यवस्था की जाए। साथ ही निजी फाइनेंस कंपनियों की गतिविधियों की जांच कर उनके कर्मचारियों का रिकॉर्ड तैयार किया जाए, ताकि आम नागरिकों को शोषण से बचाया जा सके। नगरवासियों का कहना है कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है।

सीएमओ राम प्रसाद भावरे ने बताया कि मीडियो के द्वारा जानकारी प्राप्त हुई है स्वच्छता को लेकर कार्रवाई की जाएगी।


# महाजन करेंगे शिक्षा और खेल जगत की प्रतिभाओं का सम्मान

### महाजन मित्र मंडली आयोजित करेगी भव्य सम्मान समारोह

**सीहोर।** प्रतिभाओं का उत्साह वर्धन किया जाएगा। शिक्षा और खेल जगत की प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा।

गौरव सन्नी महाजन मित्र मंडली के द्वारा सौभाग्य पैलेस में सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। युवा उत्सव हर्षोउल्लास के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में प्रधानमंत्री एक्सीलेंस पीजी कॉलेज के पूर्व छात्र नेता राजाराम परमार दिनेश पाठक राजेश मिश्रा योगेंद्र राय सम्मिलित होंगे।

प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी रविवार 1 फरवरी शाम 4 बजे सौभाग्य पैलेस में महाजन मित्र मंडली के सदस्य कक्षा दसवीं



और बारहवीं की वार्षिक परीक्षाओं में सर्वोत्तम अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं और राष्ट्रीय स्तरीय खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों सहित विभिन्न क्षेत्रों में विशेष उपलब्धि हासिल कर देश मध्य प्रदेश जिला शहर और मित्रों परिजनों गुरुजनों का नाम रोशन करने वाले होनहार प्रतिभाशाली युवाओं का प्रशंसा सम्मान पत्र शाल श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत वंदन अभिनंदन कर सम्मान किया जाएगा। गौरव सन्नी महाजन मित्र मंडली के द्वारा कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। कार्यक्रम में सम्मानित होने वाले प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं के साथ उनके माता-पिता परिजन भी सम्मिलित रहेंगे। महाजन मित्र मंडली के सभी सदस्यों ने नागरिकों मारो में पहुंचने की अपील है।

# अज्ञात चोरों ने मंदिर को बनाया निशाना, दिनदहाड़े उड़ा ले गए नकदी व तांबा-चांदी के आभूषण

**भैरूंदा।** नगर की स्वप्न सिटी कॉलोनी में स्थित सर्वेश्वर मंदिर में गुरुवार को दिनदहाड़े हुई चोरी की वारदात से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। अज्ञात चोरों ने दोपहर करीब 2 से 3 बजे के बीच मंदिर के मुख्य गेट का ताला चटकाकर नकदी सहित तांबा व चांदी के कीमती आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। दिन के उजाले में हुई इस चोरी ने न केवल कॉलोनीवासियों को सकते में डाल दिया, बल्कि पुलिस प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वप्न सिटी कॉलोनी स्थित सर्वेश्वर मंदिर में भगवान राम, लक्ष्मण एवं माता सीता की प्रतिमाएं विराजमान हैं। गुरुवार को मंदिर के पुजारी मनीष व्यास रोज़ की तरह दोपहर करीब 12 बजे बजरंगकुटी में चल रही कथा में शामिल होने चले गए थे। शाम लगभग 5 बजे जब वे वापस लौटे तो मंदिर के मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर प्रवेश करने पर देखा तो दानपेटी का ताला भी तोड़ा गया था और उसमें रखी पूरी राशि गायब थी।

पुजारी मनीष व्यास ने बताया कि दानपेटी बीते गणेशोत्सव के समय से नहीं खोली गई थी, जिसमें करीब 15 से 20 हजार रुपये होने का अनुमान है। इसके अलावा उनके कमरे में रखी पेटी से लगभग 15 हजार रुपये नकद भी चोर ले गए। चोरों ने मंदिर में रखे तांबे के 10 से अधिक कलश, पूजन सामग्री तथा माता सीता का हजारों रुपये मूल्य का चांदी का हार भी चोरी कर लिया। इतनी बड़ी मात्रा में सामान दिन के उजाले में ले जाना कॉलोनीवासियों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है और इससे कई तरह के संदेह भी जन्म ले रहे हैं।

घटना की जानकारी मिलते ही पुजारी एवं कॉलोनीवासी थाने पहुंचे और थाना प्रभारी के नाम लिखित आवेदन देकर चोरी की सूचना दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही है, लेकिन अब तक किसी ठोस कार्रवाई की जानकारी सामने नहीं आई है।



**भैरुंदा।** सीता माता का चांदी का हार गायब



**भैरुंदा।** दान पेटी का ताला चटकाया

### पहले भी चोरों के निशाने पर रही है कॉलोनी

स्वप्न सिटी कॉलोनी पहले भी चोरों का निशाना बन चुकी है। इससे पूर्व यहां कई सूने मकानों के ताले टूट चुके हैं और लाखों रुपये की नकदी व सोने-चांदी के जेवरात चोरी हो चुके हैं। पहले चोर रात के अंधेरे में वारदात को अंजाम देते थे, लेकिन अब दिनदहाड़े चोरी कर पुलिस प्रशासन को खुली चुनौती दे रहे हैं।

### बाहरी लोगों की आवाजाही पर उठे सवाल

नगर में बड़ी संख्या में बाहरी लोगों की आवाजाही लगातार बनी हुई है। ये लोग कॉलोनियों में प्लास्टिक की कुर्सियां व अन्य सामग्री बेचने के बहाने घूमते नजर आते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इसी आड़ में सूने घरों की रेकी की जा रही है। कॉलोनीवासियों की मांग है कि ऐसे सभी बाहरी लोगों की जानकारी थाने में दर्ज हो और पुलिस प्रशासन उन पर कड़ी नजर रखे।

**कालोनियों की सुरक्षा व्यवस्था भगवान भरोसे :** नगर की दो दर्जन से अधिक कॉलोनियों में हजारों परिवार निवास करते हैं, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था नाम मात्र की है। कॉलोनियां विकसित करते समय सुरक्षा के बड़े-बड़े दावे किए गए थे, परंतु वर्तमान में न तो सुरक्षा गार्ड तैनात हैं और न ही सीसीटीवी कैमरे चालू हालत में हैं। कई स्थानों पर कैमरे बंद पड़े हैं, जिससे चोरों के हौसले बुलंद हैं।

### नगर परिषद के सीसीटीवी भी अधिकतर बंद

नगर परिषद द्वारा नगर की सुरक्षा के लिए 90 सीसीटीवी कैमरे मुख्य चौराहों और मार्गों पर लगाए गए थे, जिनकी निगरानी पुलिस प्रशासन द्वारा की जा रही है। थाने में लगी एलईडी स्क्रीन पर पूरे नगर की निगरानी का दावा किया गया था, लेकिन हकीकत यह है कि अधिकतर कैमरे बंद पड़े हैं। इनके रखरखाव और मेंटेनेंस की जिम्मेदारी किसकी है, यह भी बड़ा सवाल बना हुआ है। अब देखना यह है कि बंद पड़े कैमरे कब चालू होंगे और चोरी की बढ़ती घटनाओं पर कब लगाम लगेगी। नगर के लगे सीसीटीवी कैमरों का मेंटेनेंस कंपनी का है, कंपनी के कर्मचारी से बोल कर बंद कैमरे चालू करेंगे जाएंगे।मंदिर में हुई चोरी की घटना को लेकर आवेदन प्राप्त हुआ है। नगर में लगे सीसीटीवी कैमरे की सर्चिंग की जाएंगी और चोरों को जल्द ही पकड़ने की कार्रवाई की जाएगी। भैरूंदा थाना प्रभारी घनश्याम दांगी

# शाहगंज में सीएम राइज स्कूल भवन का लोकार्पण शिवराज बोलेः बुधनी के विकास का लिया संकल्प

**बुधनी।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान शुक्रवार को विधानसभा के दौरे पर रहे उन्होंने शाहगंज स्थित शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के नवनिर्मित सीएम राइज स्कूल भवन का लोकार्पण किया और पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया कार्यक्रम में विधायक रमाकांत भार्गव, पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह राजपूत, अर्जुन मालवीय, सतीश गुप्ता,राजेश पाल,पंडित धीरेंद्र तिवारी सहित जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री ने घोषणा की कि विदिशा–रायसेन संसदीय क्षेत्र के दसवीं और बारहवीं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 'प्रेम–सुंदर सम्मान'




दिया जाएगा साथ ही क्षेत्र के सभी दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराई जाएगी उन्होंने कहा कि गरीब, किसान और मध्यम वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के उद्देश्य से सीएम राइज स्कूल की शुरुआत की गई है। इसके बाद बुधनी पहुंचे केंद्रीय मंत्री का भाजपा कार्यालय में स्वागत किया गया, जहां उन्होंने बुधनी को सुंदर, सुव्यवस्थित और रोजगारयुक्त नगर बनाने का संकल्प दोहराया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मेडिकल कॉलेज, सीएम राइज स्कूल और अन्य विकास कार्यों से बुधनी का स्वरूप तेजी से बदल रहा है दौरे को लेकर प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भैरूंदा ने पुण्यतिथि पर किया कार्यक्रम आयोजन

# गांधी जी को दी श्रद्धांजलि, सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्रवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भैरूंदा द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 11 बजे ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय, पटेल कॉम्प्लेक्स में किया गया, जहां कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

### 'गांधी दर्शन' पर हुई संगोष्ठी

श्रद्धांजलि कार्यक्रम के पश्चात "गांधी दर्शन" विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने महात्मा गांधी के जीवन, उनके सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों तथा स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि आज के समय में भी गांधी जी के विचार उतने ही प्रासंगिक हैं और समाज में शांति, सौहार्द और समानता स्थापित करने के लिए उनके बताए मार्ग पर चलना आवश्यक है।



**गांधी के आदर्शों पर चलने का संकल्प :** कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी कांग्रेसजनों ने महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा और सेवा के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुनील गोलियां, पूर्व नगर अध्यक्ष संजीव अग्रवाल, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव संजय पटेल, मंडल अध्यक्ष जगदीश राजपूत, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष सेवादल संतोष शर्मा (हल्याखेड़ी), भारत यात्री अजय पटेल सहित अन्य नेताओं ने संबोधित किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष माखन सिंह पंवार, पार्षद नितेश पेठारी, मंडल अध्यक्ष ओम पंवार, प्रदेश सचिव सेवादल संजय शर्मा, सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष जसवंत सिंह, पिछड़ा वर्ग ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश कुशवाह, सेक्टर अध्यक्ष तुलसीराम बकोरिया, पंकज यादव, फूलचंद्र तंवर, फुरखान अली सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कांग्रेस ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए



**बुधनी।** शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें वरिष्ठ कांग्रेस नेता महेश राजपूत मुख्य रूप से उपस्थित थे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सोनू राजपूत ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि देश को आजादी दिलाने वाले स्वर्गीय राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने अहिंसा के बल पर देश कोआजादी दिलवाई और आज ही के दिन उनकी निर्मम हत्या कर दी गई थी आज भारत में ही नहीं वरन दुनिया के दर्जनों देशों में उनकी मूर्तियां स्थापित की गई हैं। गांधीवादी सोच का दायरा विदेशो तक फैला है इस अवसर पर मुख्य रूप से मंडलम अध्यक्ष हरीश मालवीय, किसान नेता छगनलाल दुबे,वरिष्ठ नेता सुरेंद्र शर्मा, प्रमोद चौहान,युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ दुबे,नेपाल जमालिया,गिरीश पांडे,रिंकू दुबे,राजीव दुबे,बालवीर चौहान आदि अनेक कांग्रेसियों मौजूद रहे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद सीहोर जिला सीहोर (म.प्र.)**

ई-निविदा सूचना
मध्य प्रदेश शासन
प्रथम आमंत्रण

एन.आई.टी. /378/पी.डब्ल्यू.शा./ई-टेंडर 2026 सीहोर, दिनांक 28/01/2026

निम्नलिखित निर्माण हेतु ठेकेदार और ख्याति फर्म्स से जो निविदा मानदंडो को पूरा करती हो ऑनलाईन बोली आमंत्रित हैं -

| क्र. | क्र.स. / पैकेज | आपूर्तियाँ | संभावित राशि | अमानत राशि | निविदा शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026 _UAD_ 478755_1 | Empanelment of Consultant for Survey, Preparing DPR and Providing Consultancy Services for Different civil works at Different places under Municipal Council Sehore FY 2026-27 | निरंक | 40000/- | 10000/- |

1. इच्छुक बोलीदाता वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर NIT देख सकते है।
2. बोली दस्तावेज सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर दिनांक 18.00 (time) 28/01/2026 to 17.30 (time) 28/02/2026 तक ऑनलाईन क्रय किये जा सकते है।
3. NIT में संशोधन यदि कोई होता है तो केवल वेबसाईट पर प्रकाशित किया जाएगा और समाचार पत्र में नहीं।

विकास प्रिंस राठौर
अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद सीहोर

सुधीर कुमार
मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद सीहोर

भवन निर्माण अनुमति के लिए नगरपालिका में दिए गए आवेदन, डायवर्सन एवं रजिस्ट्री के सर्वे नंबर में भारी गड़बड़ी

# एसडीएम और सीएमओ की खामोशीः कब्जाधारी बेखौफ होकर कर रहे रास्ते पर अवैध निर्माण!

## पटवारी ने किसको लाभ देने के लिए रिपोर्ट में भूमि को विवादित होना छुपाया



फर्जी नामांतरण और पटवारी की एकतरफा रिपोर्ट के दम पर रास्ते पर किया जा रहा कब्जा

### राजस्व व्यवस्था की पारदर्शिता पर प्रश्नचिन्ह पूर्व मंत्री के परिजन न्याय के लिए परेशान!




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

नगर में राजस्व विभाग और नगरपालिका की लापरवाही अब खुलकर सामने आने लगी है। निर्माण की अनुमति जिन सर्वे नंबरों पर दी गई, वास्तविक निर्माण उनसे अलग सर्वे नंबरों पर किया जा रहा है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं। हालात यह हैं कि कब्जाधारी खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए लगातार निर्माण कर रहा है और प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है।

सूत्रों के अनुसार, नगरपालिका ब्यावरा द्वारा 2023 में सुठालिया वायपास रोड पर सर्वे नंबर 566/1 भवन के निर्माण के लिए अनुमति देना बताया जा रहा है जबकि डायवर्सन में बनेसिंह का उसी निर्माणाधीन भूमि का सर्वे नंबर 566/1/7 है जबकि रजिस्ट्री में यही सर्वे नंबर अलग है। सर्वे नंबर की हेराफेरी और निर्माण अनुमति से संबंधित अधिकारियों की लापरवाही को समझा जा सकता है जिसके चलते आज रास्ते पर ही निर्माण हो गया और सभी चुप्पी साधे बैठे है। यह सीधा-सीधा नियमों का उल्लंघन है, फिर भी न तो राजस्व विभाग ने कोई ठोस कार्रवाई की और न ही नगरपालिका द्वारा निर्माण रोकने की पहल की गई।पीडित पक्ष का कहना है कि इस मामले की जानकारी कई बार एसडीएम और नगरपालिका के सीएमओ को दी जा चुकी है, लेकिन दोनों अधिकारियों की खामोशी से कब्जाधारियों के हौसले बुलंद हैं। अवैध निर्माण दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है, जिससे भविष्य में बड़े विवाद और कानून व्यवस्था की स्थिति बनने की आशंका है। नगरवासियों में इस बात को लेकर रोष है कि सामान्य नागरिकों पर नियमों का सख्ती से पालन कराया जाता है, जबकि प्रभावशाली लोगों के मामले में अधिकारी आंखें फेर लेते हैं। लोगों का आरोप है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो ब्यावरा में अवैध निर्माण और कब्जों की बाढ़ आ जाएगी।

### पटवारी बोले - हमसे जिन बिंदुओं पर जानकारी मांगी दे दी

इस मामले में श्रीनाथ पालीवाल पटवारी से जब विवादित भूमि होते हुए भी साधारण रिपोर्ट देने पर पूछा गया तो उन्होने कहा की मेरे से एसडीएम ने जिन विंदुओं पर जानकारी मांगी थी उस पर बनाकर दे दी। ऐसे में यह यक्ष प्रश्न यह है कि जब सर्वे नंबरों में इतनी भिन्नता थी फिर भी बनेंसिह को विशेष सहयोग क्यों किया गया एवं सच को सामने लाकर रिपोर्ट क्यों नहीं बनबाई गई।

### मामले की गंभीरता के चलते पूर्व एसडीएम ने नहीं दिया था निर्णय

पूर्व एसडीएम गीतांजली शर्मा के कार्यकाल में भी यह मामला संज्ञान में था परंतु उन्होने भी मामले की गंभीरता को समझते हुए अपने कार्यकाल में कोई निर्णय नहीं दिया परंतु वर्तमान एसडीएम ने पटवारी की रिपोर्ट के आधार पर विवादित मामले में एक पक्षीय निर्णय दे दिया। जिसके कारण स्थिती बिगडना शुरू हो गई है । दूसरी ओर बनेसिंह अवैध निर्माण को लगातार जारी रखे हुए है और दूसरी मंजिल की छत भी डाल दी । आने वाले समय में यदि मामला तूल पकडता है तो प्रशासन को इन सारे पहलुओं पर पुर्नविचार करते हुए कार्रवाई करना पड सकती है।

### चर्तुसीमा में है रास्ता

यदि प्रशासन इस मामले पर ठीक से संज्ञान लेता तो बनेसिंह, कमलाबाई एवं राजेश यादव की रजिस्ट्री का परीक्षण किया जाए तो उसमें 15 वाय 45 फिट का रोड है फिर भी बिना किसी जांच के पटवारी ने अपनी गलत रिपोर्ट देकर 15 वाय 45 का रास्ता बंद करवाते हुए उस पर अवैध कब्जा करवा दिया।

### नगरपालिका ने खाली प्लॉट बताकर दी निर्माण की अनुमति

नगरपालिका लापरवाही की पराकाष्ठा यह है कि जिस प्लॉट पर भवन निर्माण की अनुमति गलत सर्वे के आधार पर दी गई उसे खाली प्लॉट बताकर 2023 में अनुमति दी गई जबकि बनेसिंह का मकान 10 साल पहले ही बनकर तैयार हो चुका था। क्यों नगरपालिका ने निर्माण अनुमति देने के पहले मौका मुआयना नहीं किया।

### दिखवाते हैं...

हम चेक करवा लेते हैं हमने किस जगह के निर्माण की अनुमति दी है यदि सहीं जगह निर्माण नहीं पाया गया तो वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**इकरार अहमद,**
**सीएमओ नपा ब्यावरा**

# एसडीएम के आश्वासन पर माने सफाईकर्मी, खत्म की हड़ताल



प्रत्येक माह 15 तारीख के पहले मिल जाएगी सभी को पगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

हर माह समय पर वेतन देने सहित अन्य मांगों को लेकर राजगढ़ नगर पालिका के सफाईकर्मियों द्वारा गुरुवार से शुरू की गई हड़ताल का शाम होते-होते पटाक्षेप हो गया। सुबह से शाम तक नगर पालिका दफ्तर के सामने धरना देकर बैठे सफाईकर्मियों को एसडीएम निधि भारद्धाज ने आश्वासन दिया कि हर माह की पहली से 15 तारीख के बीच सभी सफाईकर्मियों को उनके मानदेय का भुगतान करवा दिया जाएगा।

एसडीएम के इस आश्वासन के उपरान्त सभी स्वच्छताकर्मी माने और अपनी हड़ताल समाप्त की। सफाईकर्मियों की मांगों को जायज ठहराते हुए पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर ने भी उनका समर्थन किया और वे भी हड़ताली कर्मचारियों के साथ पूरे दिन टैंट के नीचे धरना देकर बैठे रहे। इसके साथ ही नपा के पार्षद प्रतिनिधियों के.पी. पंवार, संदीप कटारिया ने भी कर्मचारियों का समर्थन किया और वे भी धरना प्रदर्शन में शामिल हुए। सफाई कर्मचारी संगठन ब्लॉक अध्यक्ष पवन घेंघट ने बताया कि एसडीएम सहित नगर पालिका के अधिकारियों ने अन्य मांगों के संबंध में भी यथोचित निर्णय लेकर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

### पूरे नगर में दिन भर नहीं हुई सफाई

सफाई कर्मचारियों की इस पूर्व घोषित हड़ताल के चलते गुरुवार को नगर के किसी भी वार्ड में साफ-सफाई नहीं हो पाई। इसके चलते पूरे दिन जगह-जगह गंदगी और कूड़ा-करकट के ढेर नजर आए। इसके साथ ही कुछ स्थानों पर नपा का सफाई वाहन भी नहीं पहुंच पाया ऐसे में रहवासियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा ने किया भूमिपूजन

# साढ़े तीन करोड़ की लागत से विभिन्न गांवों में होंगे विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

क्षेत्र में ग्रामीण विकास को नई गति देने के उद्देश्य से स्वीकृत विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम गुरुवार को आयोजित किया गया। तहसील के विभिन्न गांवों में क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा ने इन विकास एवं निर्माण कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार विकसित मध्यप्रदेश की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। पूरे प्रदेश में सड़कों, भवनों और मूलभूत सुविधाओं के निर्माण कार्य निरंतर गति पकड़ रहे हैं, जिनका लाभ आने वाले समय में आमजन को स्पष्ट रूप से देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से समाज के हर वर्ग को लाभ मिल रहा है। भूमिपूजन कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम बरखेड़ा डोर में 2 करोड़ 23 लाख की लागत से हिनोतिया से बरखेड़ा डोर मार्ग एवं पुलिया निर्माण, मंडावर में 34 लाख की लागत से दो आंगनवाड़ी भवन एवं पुलिया निर्माण, नुन्याहेड़ी में 36 लाख की लागत से सीसी रोड एवं सामुदायिक भवन निर्माण, कुराड़िया खेड़ी में 10 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण, तथा हरलाय में 40 लाख की लागत से सीसी रोड एवं सामुदायिक भवन निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया।

स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान...

# कुष्ठ जीवाणुजनित रोग पूरी तरह से इलाज योग्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालापीपल

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि एवं विकसित भारत अभियान के अवसर पर स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान 2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान 30 जनवरी से 13 फरवरी तक संपूर्ण कालापीपल ब्लॉक में संचालित होगा। ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. यशवंत परमार व एनएमए गोवर्धनलाल पवांर ने बताया कि अभियान का प्रमुख उद्देश्य समाज में कुष्ठ रोग को लेकर व्याप्त भय, भ्रांतियों एवं भेदभाव को समाप्त करना है, साथ ही रोग की प्रारंभिक अवस्था में पहचान कर निःशुल्क एमडीटी उपचार उपलब्ध कराना है, ताकि कुष्ठ रोग से होने वाली विकृतियों को रोका जा सके। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति के शरीर पर हल्के या फीके तांबई रंग के दाग-धब्बे जिनमें सुन्नपन हो, हाथ-पैरों में झुनझुनाहट या सुन्नता, त्वचा का सूखापन, चेहरे पर तेलिया चमक अथवा शरीर में छोटी-छोटी गांठें दिखाई दें तो ऐसे व्यक्ति कुष्ठ रोग के संभावित मरीज हो सकते हैं। ऐसे व्यक्तियों को नजदीकी शासकीय स्वास्थ्य केंद्र में जांच करानी चाहिए।

### डोंगर में निशुल्क दंत स्वास्थ्य शिविर

**राघौगढ़।** शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में डीवीएस एडवांस डेंटल क्लिनिक द्वारा निःशुल्क स्कूल दंत स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में डॉ. साहिब सलीम एवं डॉ. रिया जैन ने बच्चों के दांतों की जांच कर दंत स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

समीक्षा बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने दिए निर्देश

# 3 चिकित्सकों को निलंबन के नोटिस, कुछ को मिली प्रशंसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा की अध्यक्षता में गुरुवार दोपहर कलेक्टोरेट सभागार में मेडली पीआर एवं सड़क दुर्घटनाओं के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तार से समीक्षा हुई। समीक्षा के दौरान सामने आया कि ब्लॉक स्वास्थ्य अधिकारी नरसिंहगढ़, खुजनेर एवं खिलचीपुर द्वारा मेडली पीआर की रिपोर्ट समय पर पोर्टल पर दर्ज नहीं की जा रही है। इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों के सस्पेंशन का प्रस्ताव आयुक्त (कमिश्नर) को



भेजने के निर्देश दिए। इसी क्रम में डॉ. धर्मेंद्र बामनिया (तलेन), डॉ. प्राची गहलोत एवं डॉ. सावन कोडिया द्वारा भी कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर निलंबन नोटिस जारी करने हेतु कमिश्नर को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने स्पष्ट किया कि शासन की योजनाओं एवं जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों एवं संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि सड़क दुर्घटनाओं से जुड़े मामलों में अज्ञात वाहनों की पहचान कर उनका शीघ्र खात्मा करें तथा सभी प्रकरण रिपोर्ट सहित निर्धारित समय-सीमा में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

# बिजली कर्मी ने गार्ड की बंदूक लेकर दबा दिया ट्रिगर, इलाज के लिए राजगढ़ रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

पचोर में मजाक में चली गोली से एक घायल



पचोर में एमपीईबी के कर्मचारी ने गार्ड की बंदूक हाथ में लेकर सहकर्मी की और तान दी। मजाक-मजाक में तानी गयी बंदूक का ट्रिगर दबने से सहकर्मी लाईनमेन का हाथ जख्मी हो गया। जिसे पुलिस ने तुरंत अस्पताल पहुंचाया और प्राथमिक उपचार के बाद राजगढ़ रेफर किया है। जबकि आरोपी बंदूक चलाने वाले युवक सहित गार्ड को भी आरोपी बनाया है। थानाप्रभारी शकुंतला बामनिया ने एमपीईबी कार्यालय के बाहर गार्ड भगवानसिंह दाँगी निवासी कांकरिया बंदूक साइड में रखकर मोबाइल चला रहा था। साथ में लाईनमेन रामबाबू परमार (सोंधिया) भी बैठा था। इस दौरान अजय बैरागी नामक लाईनमेन आया और मजाक-मजाक में बंदूक उठाकर सहकर्मी रामबाबू की और तान दी। इसी दौरान लापरवाही से बंदूक का ट्रिगर दब गया जिससे रामबाबू का हाथ में कोहनी के यहां गोली लगी। जिससे वह गंभीर घायल हो गया।

# पुरा क्षेत्र में लावारिस भ्रूण मिला, जांच में खुली परतें

**राजगढ़।** पुरा क्षेत्र स्थित कब्रिस्तान के समीप के नाले में गुरुवार दोपहर एक लावारिस भ्रूण मिलने की खबर ने सभी को सकते में डाल दिया। हालांकि, बाद में पुलिस द्वारा की गई जांच में सामने आया कि उक्त मृत भ्रूण के जन्म उपरान्त परिजनों द्वारा उसे कब्रिस्तान में दफना दिया गया था जिसे कुत्ते या अन्य जानवरों बाहर निकालकर क्षत-विक्षत कर दिया गया। हालांकि, पुलिस जांच के पूर्व लोगों द्वारा कईं तरह के कयास लगाते हुए इसे गर्भपात जैसे अपराध से जोड़कर देखा जा रहा था। पुलिस ने बताया कि भ्रूण के पोस्टमार्टम उपरान्त उसे संबंधित परिजनों को सौंप दिया गया है। इसके पूर्व मामले को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली पुलिस टीम ने संबंधित महिला द्वारा 28 जनवरी को जिला अस्पताल में करवाई गई जांच, ओपीडी रजिस्टर इत्यादि भी खंगाले।

# किसान कल्याण वर्ष 2026 के तहत सारंगपुर विकासखंड में कृषि रथ का संचालन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाए जाने के उपलक्ष्य में किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक कृषि तकनीकों से जोड़ने के उद्देश्य से विकासखंड सारंगपुर में कृषि रथ का संचालन किया जा रहा है।कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार जिले के समस्त विकासखंडों में कृषि एवं संबद्ध विभागों कृ पशुपालन, उद्यानिकी, मत्स्य पालन आदि कृ के माध्यम से कृषि रथ चलाए जा रहे हैं। इसका मुख्य उद्देश्य किसानों और कृषि वैज्ञानिकों के मध्य सीधा संवाद स्थापित कर नवीन तकनीकी सुधारों की जानकारी खेत-खलिहान तक पहुंचाना है। इसी क्रम में विकासखंड सारंगपुर के ग्राम सुल्तानिया, नारण्या एवं गुलखेड़ी में कृषि रथ पहुंचा, जहां उपस्थित विभागीय दल द्वारा किसानों को विभिन्न शासकीय कृषि योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान कृषकों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया तथा इसके दीर्घकालिक लाभों से अवगत कराया गया। साथ ही मृदा स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर उपयुक्त फसलों के चयन एवं संतुलित उर्वरकों के प्रयोग की उपयोगिता समझाई गई।

इसके अतिरिक्त किसानों को खाद वितरण की ई-विकास प्रणाली की जानकारी देते हुए पारदर्शी एवं सरल व्यवस्था के लाभ भी बताए गए।

जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची से नाम हटाने के आरोप

# मामले की निष्पक्ष व गहन जांच हो, कांग्रेस ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए कथित रूप से ऑनलाइन माध्यम से संगठित छेड़छाड़ किए जाने के आरोपों को लेकर कांग्रेस ने प्रशासन के समक्ष गंभीर आपत्ति दर्ज कराई है। इसी क्रम में गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर किशोर कन्याल से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपते हुए मामले की निष्पक्ष और गहन जांच की मांग की। कांग्रेस की ओर से सौंपे गए ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि गुना, बमोरी, राघौगढ़ और चाचौड़ा विधानसभा क्षेत्रों में बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने के उद्देश्य से फर्जी और भ्रामक आपत्तियां दर्ज कराई गई हैं।



पार्टी का दावा है कि स्थानीय स्तर पर किए गए सत्यापन, बीएलओ और कार्यकर्ताओं से मिली जानकारी में यह सामने आया है कि जिन मतदाताओं के नामों पर आपत्तियां दर्ज कराई गईं, वे जीवित हैं और लंबे समय से अपने पते पर निवास कर रहे हैं। कई मतदाताओं को इस बात की जानकारी तक नहीं थी कि उनके नाम से कोई आपत्ति दर्ज की गई है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि गुना शहर के वार्ड क्रमांक 11, 13 और 16 के अलावा जीनघर, कर्नलगंज और कैंट क्षेत्र में इस तरह की गतिविधियों के उदाहरण सामने आए हैं। कांग्रेस का आरोप है कि यह पूरा मामला ऑनलाइन डिजिटल पोर्टल के माध्यम से किया गया, जिससे इसे साइबर अपराध और संगठित धोखाधड़ी की श्रेणी में रखा जाना चाहिए।कांग्रेस नेताओं ने कलेक्टर से मांग की कि जिले की सभी विधानसभा क्षेत्रों में दर्ज ऑनलाइन आपत्तियों की साइबर फॉरेंसिक जांच कराई जाए और आईपी एड्रेस, डिवाइस डिटेल तथा लॉगिन पैटर्न के आधार पर वास्तविक दोषियों की पहचान की जाए। साथ ही पोर्टल से जुड़े सभी डिजिटल रिकॉर्ड और लॉग्स को सुरक्षित रखने की भी मांग की गई, ताकि साक्ष्य नष्ट न हो सकें।

कांग्रेस का कहना है कि यह मामला सीधे तौर पर नागरिकों के संवैधानिक मताधिकार और लोकतांत्रिक व्यवस्था की निष्पक्षता से जुड़ा हुआ है। इसलिए प्रशासन को इस पूरे प्रकरण में त्वरित, पारदर्शी और सख्त कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियों की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

**खबर संक्षेप**

### एनएसयूआई ने मनाई महात्मा गांधी की पुण्यतिथि, दी श्रद्धांजलि



**आष्टा।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के छात्र नेता आशुतोश नामदेव एवं निखिल कुशवाह के नेतृत्व में महात्मा गांधी की पूण्य तिथि बडे ही सोहार्द पूर्ण वातावरण के साथ मनाई गई। इस अवसर पर छात्र संगठन के समस्त पदाधिकारी एवं विद्यार्थी शहीद भगतसिंह महाविद्यालय में उपस्थित रहे, जहां पर पदाधिकारियो ने पूज्य महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यर्पण अर्पित किए वही राशिद अली द्वारा महात्मा गांधी के चरित्र का वर्णन करत हुए बताया गया कि किस प्रकार बापू ने हमे अंहिसा एवं सत्य के मार्ग पर चलते हुए आजादी दिलवाई थी हमे आज भी अनकी बातो का अनुशरण करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान सभी सदस्यों ने भी बापू जी की प्रतिमा के समक्ष श्रद्धा सुमन अर्पित किए। पूण्य तिथि के इस अवसर पर देवराज मालवीय, राशिद अली खाचरौद, सचिन भीष्मा, जिला उपाध्यक्ष यशवंत मालवीय, विनय परिहार, मनोज मालवीय, नीरज, सपना मालवीय, टीना मालवीय एवं अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने विधानसभा क्षेत्र में एसआईआर और राजस्व कार्यों का किया निरीक्षण

# 'जनहित से जुड़े प्रकरणों के लिए लोगों को अनावश्यक भटकना नहीं पड़े'

कलेक्टर ने दिए निर्देश आम नागरिकों को राजस्व संबंधी समस्याओं के लिए अनावश्यक भटकना न पड़े, इसका विशेष ध्यान रखें।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



कलेक्टर बालागुरु के. द्वारा आष्टा विधानसभा क्षेत्र में एसआईआर तथा राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा और निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने राजस्व प्रशासन की कार्यप्रणाली, लंबित मामलों की स्थिति एवं जनहित से जुड़े प्रकरणों की प्रगति की विस्तार से जानकारी ली। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व (एसडीएम) आष्टा नितिन कुमार टाले, तहसीलदार आष्टा राम पगारे, नायब तहसीलदार मुकेश सांवले, नायब तहसीलदार संदीप गौर, निर्वाचन सुपरवाइजर प्रेम नारायण श्रीवास्तव सहित राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर बालागुरु के. ने समीक्षा के दौरान नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, कब्जा, रास्ता विवाद और अन्य राजस्व प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि कोई भी राजस्व प्रकरण 6 माह से अधिक लंबित नहीं रहना चाहिए और सभी अधिकारियों को प्रकरणों के समयबद्ध एवं निष्पक्ष निराकरण की जिम्मेदारी सुनिश्चित करनी होगी।कलेक्टर ने एसडीएम नितिन कुमार टाले एवं तहसीलदार राम पगारे को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में लंबित मामलों की नियमित समीक्षा करें तथा आम नागरिकों को राजस्व संबंधी समस्याओं के लिए अनावश्यक भटकना न पड़े, इसका विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य आमजन को त्वरित न्याय और पारदर्शी सेवा प्रदान करना है।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर महोदय द्वारा 07 फरवरी को आयोजित होने वाले महत्वपूर्ण कार्यक्रम की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। कार्यक्रम स्थल की व्यवस्थाओं, यातायात, बैठक, सुरक्षा एवं अन्य प्रशासनिक तैयारियों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए ताकि कार्यक्रम का सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित किया जा सके।कलेक्टर बालागुरु के. ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि राजस्व मामलों में लापरवाही, अनावश्यक विलंब या शिकायतें मिलने पर जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि आम नागरिकों को समय पर



न्याय दिलाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।इस निरीक्षण एवं समीक्षा बैठक से आष्टा विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों में राजस्व मामलों के शीघ्र समाधान को लेकर नई उम्मीद और सकारात्मक संदेश गया है।

## शहीद दिवस पर तहसील में नशामुक्ति की दिलाई शपथ



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शहीद दिवस के अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री नितिन कुमार टाले के निर्देशन में तहसील कार्यालय आष्टा में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सहित देश के समस्त शहीदों की स्मृति में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा 2 मिनट का मौन धारण कर उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नितिन कुमार टाले ने कहा कि शहीदों का बलिदान हमारे लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और इसके लिए स्वस्थ व जागरूक समाज का निर्माण आवश्यक है।

सभी अधिकारी-कर्मचारियों को मद्यपान एवं नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। शपथ के माध्यम से सभी ने संकल्प लिया कि वे स्वयं नशे से दूर रहेंगे तथा समाज को भी नशामुक्त बनाने के लिए जागरूक करेंगे। श्री टाले ने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज के लिए घातक है, इससे दूर रहकर ही हम अपने कर्तव्यों का सही ढंग से निर्वहन कर सकते हैं।कार्यक्रम में तहसील कार्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने शहीदों के आदर्शों पर चलने तथा एक स्वच्छ, स्वस्थ और नशामुक्त समाज के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया।

### जावर में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाई



**जावर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि 30 जनवरी को शहीद दिवस के रूप में मनाई जाती है। शासन निर्देशों के अनुक्रम में तहसील कार्यालय जावर में शहीद दिवस के पावन अवसर पर वीर सपूतों की अमर शहादत को नमन करते हुए प्रातः 11 बजे 2 मिनट का मौन रखकर कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर तहसीलदार ओमप्रकाश चोरमा ने कहा कि शहीद दिवस का उद्देश्य शहीदों को श्रद्धांजलि देना, नई पीढ़ी को स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास से जोड़ना और राष्ट्रप्रेम, एकता तथा नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करना है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि आज़ादी अनगिनत बलिदानों की देन है।तहसील कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में राजस्व निरीक्षक विक्रम सिंह खटीक, पटवारी भंवर सिंह उदाना ,सहायक ग्रेड 3 कमरुद्दीन अंसारी, महेश माहेश्वरी, शंकर सिंह राजपूत सहित राजस्व के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# समाज, प्रशासन के समन्वय से धार्मिक-सांस्कृतिक गतिविधियों को मिल जाएगा नया आयामः कुशवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



समन्व्यय, संवाद के बिना किसी भी संगठन को दीर्घ समय तक नही चलाया जा सकता हैं। जिस संस्था में आपसी समन्व्यय एवं संवाद हो उस संस्था को समाज में अच्छी पहचान मिलती हैं एवं ऐसी संस्था की समाज में स्वीकार्यता बढती हैं। सकल हिंदू समाज का गठन नगर के गणमान्य एवं विभिन्न जातियों के आपसी समन्व्यय से किया गया हैं। सकल हिंदू समाज नगर के सभी जातियों को प्रतिनिधित्व देता हैं एवं यह संगठन पिछले कई वर्षो से नगर में धार्मिक एवं सामाजिक मामलो में अनूठा कार्य करता हैं। हाल ही में सकल हिंदू समाज का पुर्नगठन किया गया। सकल हिंदू समाज के सभी पदाधिकारीगण एवं समाज के अध्यक्षगण एवं पदाधिकारीगण प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों से सौजन्य भेट करने आऐं। हमारी मुलाकात का उद्देश्य प्रशासन एवं सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के बीच समन्व्यय निर्मित रहें तथा नगर का वातावरण शांतिपूर्ण रहे तथा धार्मिक एवं त्यौहारो को आपसी सद्भाव एवं उत्साह से मनाया जा सके।

इसलिए हमने प्रशासन के अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नितिन कुमार टांले, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आकाश आमलकर, थाना प्रभारी आष्टा गिरीश दुबे से मुलाकात कर सकल हिंदू समाज के पुर्नगठन की सूचना देकर प्रशासन से सहयोग की अपेक्षा की। इस अवसर पर सकल हिंदू समाज के संयोजक मुकेश नामदेव, सचिव मनीष डोंगरे, मीडिया प्रभारी आनंद गोस्वामी, पत्रकार राजीव गुप्ता, संजय वर्मा सहित समस्त अध्यक्षगण उपस्थित रहे। भेंट के दौरान सकल हिंदू समाज की नवीन कार्यकारिणी के गठन एवं उसके उद्देश्यों के संबंध में प्रशासनिक अधिकारियों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा ने कहा कि सकल हिंदू समाज नगर में सामाजिक समरसता, धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के सफल आयोजन हेतु सदैव प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर कार्य करेगा तथा समाज की ओर से प्रशासन को हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाज को संगठित एवं सशक्त बनाना ही कार्यकारिणी का प्रमुख उद्देश्य है। प्रशासनिक अधिकारियों ने समाज की सकारात्मक सोच एवं संगठनात्मक प्रयासों की सराहना करते हुए विश्वास दिलाया कि समाज एवं प्रशासन एक-दूसरे के सहयोग से नगर हित एवं समाजहित के कार्यों को आगे बढ़ाएंगे। अधिकारियों ने नवनियुक्त अध्यक्ष एवं समस्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं भी प्रदान कीं। इस अवसर पर सकल हिंदू समाज के अध्यक्षगणों में वरिष्ठ सुरेश खत्री, पवन सुराणा, प्रेमनारायण जयसवाल, रवि कुशवाहा, राजू जाट, मनोहर भगवान, महेश जाट, गुलाब बाई ठाकुर, एडवोकेट सुनील कचनेरिया, अरविंद रैकवार, मांगीलाल सिसोदिया, राधेश्याम सोनी, सुधीर महलवार ताम्रकार, नंदकिशोर यादव, रमेश मालवीय, मोंटी कौरी, मुकेश बैरागी, बाबूलाल बिल्लोरे सहित अनेक सकल हिंदू समाज अध्यक्षगण उपस्थित रहे। भेंट के दौरान समाज एवं प्रशासन के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण में भविष्य की सामाजिक गतिविधियों को सुव्यवस्थित रूप से संचालित करने पर सहमति बनी। जिससे नगर में सकारात्मक एवं समरस वातावरण को और अधिक मजबूती मिलेगी।

### आरएके कृषि महाविद्यालय परिसर में तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट आज से शुरू

**सीहोर।** जिला मुख्यालय पर स्थित आरएके कृषि महाविद्यालय सीहोर के पूर्व छात्र आकाश विश्वकर्मा, रामकृष्ण पटेल ने बताया कि महाविद्यालय परिसर में आज प्रातः 8 बजे से तीन दिवसीय क्रिकेट टूनामेंट का आयोजन आर.ए.के. एल्यूमिनियाई वेलफेयर एसोसिएशन किया जा रहा हैं, दिनांक 2 फरवरी को फायनल मैच खेला जावेगा। जिसमें महाविद्यालय के अधिष्ठाता और समस्त शिक्षक और वर्तमान छात्रों की टीम शामिल रहेगी। संगठन के सदस्यों की यह पहल छात्रों के प्रति सराहनीय है एवं संगठन के सदस्यों द्वारा पूरा कार्यक्रम संचालन कर सभी छात्रों खेल भावना के प्रति अग्रसर करना है।

### आज मनाया जाएगा भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव

**सीहोर।** शहर के छावनी स्थित चमत्कालेश्वर महादेव मंदिर समिति के तत्वावधान में नगर पालिका के समीपस्थ सात दिवसीय भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के तीसरे दिन शुक्रवार को जगद गुरु पंडित अजय पुरोहित ने कहाकि परीक्षित संसार का हर जीव है और काल रूपी तक्षक का श्राप हर जीव को लगा है, जिसका ग्रास सभी को बनना है। उन्होंने बताया कि राजा परीक्षित के राज्याभिषेक के साथ ही कलियुग का प्रथम चरण आरंभ हुआ था। भागवत कथा का श्रवण करने से हमारे जीवन का कल्याण होता है। उन्होंने राजा परीक्षित और शुकदेव जी के बीच हुए संवाद का उल्लेख करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण से जीव को मुक्ति का मार्ग मिल जाता है। उन्होंने बताया कि राजा परीक्षित ने सात दिन में मौत का शाप मिलने पर शुकदेव जी से मुक्ति का मार्ग पूछा। इस पर शुकदेव जी ने कहा कि सबसे पहले व्यक्ति को संसार से मन हटाकर परमात्मा के चरणों में लगाना चाहिए। कपिल देवाहुति संवाद, ध्रुव चरित्र का वर्णन करके श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। शनिवार को कथा के चौथे दिवस भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। चमत्कालेश्वर महादेव मंदिर समिति के अध्यक्ष मनोहर राय ने बताया कि भागवत कथा दोपहर बारह बजे से तीन बजे तक जारी है। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों से कथा का श्रवण करने की अपील की।

# सरकार व उनके सहयोगी महात्मा गांधी के विचार लक्ष्य में बदलाव करने पर उतारू : हरपाल ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर आष्टा नगर एवं ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस द्वारा श्रंद्धाजलि सभा गांधी प्रतिमा जनपद परिषर आष्टा में आयोजित की गई उपरोक्त अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस सदस्य हरपाल ठाकुर ने कहा कि आज हम सब यहाँ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि शहीद दिवस के अवसर पर एकत्रित हुए हैं। यह दिन केवल एक महान व्यक्ति का जन्मदिन नहीं है, बल्कि यह सत्य, अहिंसा, प्रेम और मानवता के मूल्यों को स्मरण करने का दिन है। महात्मा गांधी जी ने अपने जीवन से यह सिद्ध किया कि बिना हथियार उठाए भी अन्याय और अत्याचार के खिलाफ संघर्ष किया जा सकता है। उनका विश्वास था कि अहिंसा सबसे बड़ा हथियार है और सत्य की राह पर चलकर ही स्थायी परिवर्तन लाया जा सकता है। उन्होंने हमें सिखाया कि साधन जितने पवित्र होंगे, लक्ष्य उतना ही महान होगा। गांधी जी का जीवन सादगी, आत्मबल और सेवा का प्रतीक था। वे कहते थे आप वह बदलाव बनिए जो आप दुनिया में देखना चाहते हैं। यह विचार आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना उनके समय में था। आज के समय में, जब समाज अनेक चुनौतियों से गुजर रहा है, गांधी जी के विचार हमें शांति, भाईचारे और समरसता का मार्ग दिखाते हैं। समाज में व्याप्त भेदभाव और अन्याय के विरुद्ध शांतिपूर्ण संघर्ष करेंगे और एक स्वच्छ, सशक्त एवं समावेशी भारत के निर्माण में अपना योगदान देंगे हरपाल ठाकुर ने कहा कि आज देश में गजब का माहौल है सत्ता में बैठे लोगों को मां गांधी का नाम पसंद नहीं और जो हिंदू धर्म के नाम पर सत्ता में आए कौन है शंकराचार्य जी से तकलीफ है तो सोचिए कांग्रेस के साथियों की जिम्मेदारी कितनी महत्वपूर्ण है हमारे नेता राहुल जी ने कहा है डरो मत। पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र शोभाखेड़ी ने कहा कि आज भाजपा आरएसएस की विचारधारा देश की सत्ता पर काबिज है जो मूल रूप से गांधी एवं कांग्रेस के विचार को खत्म करने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे में हम सब कांग्रेस परिवार के साथियों की जिम्मेदारी बनती है कि हम मजबूती से गांधी जी के विचार के द्वारा राहुल गांधी, जीतू पटवारी, सज्जन वर्मा के नेतृत्व में मजबूती से संघर्ष करें और लोकतंत्र को मजबूत बनाएं उपरोक्त अवसर पर आए हुए लोगों का आभार ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेश मुंदीखेड़ी ने व्यक्त किया। कार्यक्रम मे एआईसीसी सदस्य हरपाल ठाकुर,पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र शोभाखेड़ी,जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुलाब बाई ठाकुर,नगर कांग्रेस अध्यक्ष जाहिद खान गुड्डू,ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष महेश मुंदीखेड़ी, मेहरबान सिंह मुंदीखेड़ी, एचआर परमाल, घनश्याम जांगड़ा, सुनिल कटारा, सन्नवर खान, देवबगस मेवाड़ा, नरेन्द्र कुशवाह, कमल सेठ, महेश चौधरी, नगर युवा कांग्रेस अध्यक्ष रिजवान खान, डॉ एजाज खान, शेख रईस, मेहमूद अंसारी, रशीद नेताजी, रमेश मेवाड़ा, डा लखन बापचा, बलवान भाटी,प्यारे पटेल, शंकर सोनी, अजय सिंह बापचा, हरेंद्र नौगांव, यशवत भेरूपुर, चेतन भाटी, भैया मुजफ्फर, अशोक मंडलोई, चांद हाजी, राजकुमार नौगांव, रशीद अली,मसूद खान, अरबाज खान,नफीस शाह, शंकर बोडाना, यशवत मालवीय, अशफाक अली, अजाप भाटी, अफजल मसूरी, बने खा मंसूरी, अकबर शाह, जहीर अंसारी, इमरान, बसीर, राजा खान, फारुख पटेल,नफीस मैकेनिक,शादाब अली, अयान पठान आदि कांग्रेस जन मौजूद रहे।

## सड़क सुरक्षा माह—2026 का समापन, यातायात नियमों की दी जानकारी

# विद्यार्थियों को समझाया सुरक्षित वाहन चलाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



डीबीसीपीएल सीएसआर प्रशासन द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा जन-सामान्य में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित सड़क सुरक्षा माह का सफलतापूर्वक समापन किया गया। इस कार्यक्रम को विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता ने अत्यंत प्रभावशाली एवं प्रेरणादायक बनाया।

आयोजन संतोष परुलेकर, सुभाष पांडे, देवेंद्र शर्म के निर्देश व मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में आरती कतीजा, ट्रैफिक इंचार्ज, कोलार क्षेत्र, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने रिबन काटकर तथा हरी झंडी दिखाकर विद्यार्थियों की सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली का शुभारंभ किया। अपने प्रेरणादायक संबोधन में उन्होंने सभी से यातायात नियमों का जिम्मेदारीपूर्वक पालन करने तथा सुरक्षित ड्राइविंग को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने सड़क सुरक्षा से संबंधित अपने विचार साझा किए तथा सड़क सुरक्षा प्रतिज्ञा लेकर यह संदेश दिया कि सुरक्षित भविष्य की नींव आज की जागरूकता से रखी जाती है।

यह आयोजन डीबीसीपीएल की सड़क सुरक्षा, दुर्घटना रोकथाम व अमूल्य मानव जीवन की रक्षा के प्रति सतत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। संस्था भविष्य में भी समाजहित में ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से सुरक्षित व जिम्मेदार यातायात संस्कृति को बढ़ावा देती रहेगी। कार्यक्रम में देवेंद्र शर्मा, हिमांशु पटेल, अरुण वर्मा, कल्पना भारतीय, महक बोरालिया, अभय पटेल की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# श्रीमद् भागवत मृत्यु से मुक्ति की राह प्रशस्त करती है: पंडित सुरेश शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



ग्राम गोदी में पंडित सुरेश शर्मा के मुखारविंद से सप्त दिवसीय श्री मद भागवत कथा समस्त ग्राम वासियों के द्वारा अपने अपने पितरों के मोक्ष हेतु श्रवण की जा रही है व्यास पीठ पर विराजमान पंडित सुरेश शर्मा ने अपनी संगीत मंडली के भजनों एवं मधुर स्वर लहरियों से ओत प्रोत प्रवचनों के माध्यम से कहा कि प्रत्येक व्यक्ति की मृत्यु तो निश्चित है पर मृत्यु से मोक्ष कैसे मिले यह भागवत कथा के श्रवण से जाना जा सकता है, पांडव वंशज पराक्रमी राजा परीक्षित ने स्वयं को मिले श्राप को तो भुगता परंतु भागवत कथा से वे जीवन मृत्यु के क्रम से मुक्त हुए और मोक्ष को प्राप्त हुए, आज हम सब भी अपने अपने पाप कर्मों से अगर मुक्त होना चाहते है तो धार्मिक ग्रंथों का पठन पाठन करे एक अच्छे श्रोता बन कर धर्म को जीवन में उतारे तो हम सब भी मोक्ष प्राप्त कर सकते है, आज के आयोजन में प्रभु प्रेमी संघ आष्टा के संयोजक पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार ने व्यासपीठ की पूजा कर भागवताचार्य का पुष्प माला से स्वागत किया तत्पश्चात पूर्व नपाध्यक्ष परमार का पंडित सुरेश शर्मा ने स्वागत किया और कहा कि धर्म के रास्ते पर चलने वाले सुधी श्रोताओं के क्रम में यह स्वागत किया गया है, पूर्व नपाध्यक्ष ने आयोजक ग्राम वासियों व पंडित सुरेश शर्मा का आभार व्यक्त किया।